**Central Coalfields Limited**
A Mini Ratna Company
(A Subsidiary of Coal India Limited)
**Personnel / NEE Department**
Darbhanga House, Ranchi – 834029
CIN - U10200JH1956GOI000581
Website - http://centralcoalfields.in

Fuelling Sustainable Growth

**सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
एक मिनी रत्ना कंपनी
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक अंग)
**कार्मिक/कर्मचारी स्थापना विभाग**
दरभंगा हाउस, रांची – 834029
सी.आई.एन. - U10200JH1956GOI000581
वेबसाइट - http://centralcoalfields.in

संख्या : सीसीएल/एनईई/राजभाषा/आंतरिक अधिसूचना/ 11566 (H) दिनांक : 17/02/25

## आंतरिक अधिसूचना/ INTERNAL NOTIFICATION

अनुमोदित श्रमशक्ति बजट 2024-25 के अनुसार अनुवादक (प्रशिक्षु), राजभाषा लिपिक वर्ग-III के पद पर स्वीकृत रिक्तियों को भरने हेतु सीसीएल में कार्यरत स्थायी कर्मचारियों के विभागीय चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

Applications are invited for departmental selection to the post of Translator (Trainee) (OL) Clerk Gr.III from amongst the permanent employees of the Company to fill up the sanctioned vacancy as per the approved Manpower Budget for 2024-25.

**संभावित रिक्ति :** श्रमशक्ति बजट – 2024-25 के अधीन प्रावधान निम्नानुसार है:

**Tentative Vacancy:** The provision under the Manpower Budget for 2024-25 is as under:

| क्रम.सं. Sl. No. | पद एवं श्रेणी Post & Grade | | | श्रेणीवार रिक्ति/ Categories-wise vacancy | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत Sanctioned | कार्यरत Existing | रिक्त Vacancy | अनारक्षित UR | अ.जा. SC | अ.ज.जा. ST |
| 1. | अनुवादक (प्रशिक्षु), राजभाषा लिपिक वर्ग-III Translator (Trainee) (OL) Clerk Gr. III | 15 | 03 | 12 | 10 | 01 | 01 |

**महत्वपूर्ण तिथियां/Important Dates:**

| क्र.स./ Sl.No. | गतिविधि/Activity | तिथि/Date |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि/Opening date for filling the application | 18-02-2025 |
| 2 | न्यूनतम अहर्ता और पात्रता के लिए कट-ऑफ तिथि/Cut-off date for the minimum qualification and eligibility | 15-01-2025 |
| 3 | विधिवत भरे हुए आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि/ Last date for receipt of duly filled application | 01-03-2025 |

**अहर्ता तथा पात्रता मानदंड/Qualification and Eligibility criteria:**

1. दिनांक 30.05.2001 को निर्गत कार्यान्वयन अनुदेश सं.23 के तहत संवर्ग योजना (कैडर स्कीम) के अनुसार पात्रता मापदंड का उल्लेख नीचे किया गया है:
   Minimum qualification and eligibility criteria as per the Cadre Scheme issued vide I.I.No.23 dated 30.05.2001 is mentioned below:

| **पद एवं श्रेणी**<br>**Post(s) and Grade(s)** | **पद पर चयन हेतु विचारार्थ विभागीय उम्मीदवारों की आवश्यक आहर्ता, अनुभव आदि**<br>**Requirement of qualifications experience etc. to be possessed by the departmental candidates for consideration for selection to the post** |
|---|---|
| अनुवादक (प्रशिक्षु), राजभाषा लिपिक वर्ग-III<br>Translator (OL)(Trainee) Clerk GR.III | a) हिन्दी तथा अंग्रेजी विषय के साथ स्नातक या इसके समकक्ष। हिन्दी अनुवाद में सरकारी डिप्लोमा धारक को प्राथमिकता दी जाएगी। / B.A. or equivalent with Hindi & English. Govt Diploma Holder in Hindi Translation preferred.<br>b) कंपनी में कार्यरत कोई भी स्थायी कर्मचारी जिन्हें एक वर्ष का अनुभव हो। / Any permanent employee with one year service in the company<br>c) लिखित परीक्षा द्वारा चयन किया जाएगा / Selection through written Test. |

2. उच्चतर श्रेणी के कर्मचारी आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।
   Employees in higher grade are not eligible to apply.

3. कंपनी के केवल नियमित और स्थायी कर्मचारी जिन्होंने एक वर्ष कंपनी मे कार्य कर लिया है वही आवेदन कर सकते हैं।
   Only regular and permanent employees of the Company who have completed one year of service may apply.

4. तत्काल पूर्ववर्ती 03 वर्षों अर्थात 2021-22, 2022-23 और 2023-24 की गोपनीय प्रविष्टि (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) न्यूनतम "अच्छा" होना अनिवार्य है।
   Candidate must have minimum "GOOD" ACR (Annual Confidential Report) rating for immediately preceding 03 years i.e. 2021-22, 2022-23 & 2023-24

5. अभ्यर्थियों को सतर्कता/विभागीय अनापत्ति प्राप्त होनी चाहिए।
   Vigilance/Departmental Clearance of candidates should be "Clear".

**<u>आवेदन कैसे करें/How to apply :</u>**

1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह सीसीएल की वेबसाइट (www.centralcoalfileds.in) पर टैब "नया क्या है" के अंतर्गत जिस पद पर चयन हेतु आवेदन समर्पित करना है, के विहित प्रारूप (ए-अनुलंग्रक ) में आवेदन समर्पित करें।
   Candidates are advised to apply as per the prescribed Format (Annexure-A) for selection to the post which is available on CCL website (www.centralcoalfileds.in) under "What's New tab".

2. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह अहर्ता, जाति व अन्य मापदंड आदि के अनुसार अपनी पात्रता का आकलन करने के लिए आंतरिक अधिसूचना के प्रावधानों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
   Candidates are advised to go through the provisions of the internal notification carefully for assessing his/her eligibility in accordance with the qualifications, other norms, caste etc.

3. महाप्रबंधक (का-कर्म.स्थापना) के कार्यालय में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 01-03-2025 (शनिवार) होगी।
   The last date of receipt of the application in the office of General Manager (P-NEE) will be 01-03-2025 (Saturday).

4. इकाई/क्षेत्र/गांधी नगर अस्पताल-रांची, केंद्रीय अस्पताल-रामगढ़, तथा सुरक्षा विभाग रांची में पदस्थापित कर्मचारियों का आवेदन इकाई/क्षेत्र/गांधी नगर अस्पताल, रांची, केंद्रीय अस्पताल, रामगढ़ और सुरक्षा विभाग के कार्मिक अधिकारी के माध्यम से प्रेषित की जानी चाहिए तथा मुख्यालय के कर्मचारियों द्वारा आवेदन संबंधित विभाग के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष के माध्यम से महाप्रबंधक(का-कर्म. स्थापना), सीसीएल, रांची के कार्यालय में समर्पित की जानी चाहिए। महाप्रबंधक(का-कर्म. स्थापना), सीसीएल, रांची के कार्यालय में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (अर्थात 01-03-2025) को 05:00 अपराह्न के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार/ स्वीकार नहीं किया जाएगा।
   The applications for employees posted at Unit/Area/Gandhi Nagar Hospital, Ranchi, Central Hospital, Ramgarh and Security department, must be sent through Unit Personnel Executive/S.O(P&A)/ Personnel Executive of GNH/CH, Ramgarh/Security department and for the HQ employees it should be sent through the concerned GM/HOD of the department to the office of the General Manager (P-NEE), CCL, Ranchi. Applications received after 05:00 PM of last date (i.e. 01-03-2025) in the office of General Manager (P-NEE), CCL, Ranchi shall not be entertained/accepted.

5. सभी प्रासंगिक दस्तावेज जैसे शिक्षा प्रमाण-पत्र- (स्नातक अंक तालिका, स्नातक प्रमाण पत्र ) तथा जाति प्रमाण-पत्र, आदि विधिवत रूप से स्व-अभिप्रमाणित कर आवेदन के साथ संलग्न किया जाना चाहिए और उचित माध्यम द्वारा महाप्रबंधक(का-कर्म. स्थापना) के कार्यालय में समर्पित किया जाना चाहिए।
All the relevant documents duly self-attested (education certificates- Mark-Sheet, Degree and caste certificate, etc.) should be annexed with the application & submitted through proper channel in the office of General Manager (P-NEE).

6. इकाई/क्षेत्र/केंद्रीय अस्पताल, रामगढ़/गांधी नगर, रांची/सुरक्षा विभाग में पदस्थापित आवेदकों का आवेदन वर्ष 2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 से संबंधित वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट के साथ अग्रेषित किया जाना चाहिए।
For the application of the applicants who are posted at Unit/Area/Central Hospital, Ramgarh /Gandhi Nagar, Ranchi/Security department must be forwarded along with the ACRs for the year(s) 2021-22, 2022-23 & 2023-24.

7. इसी प्रकार, आवेदकों की विभागीय अनापत्ति, भले ही उनकी वर्तमान पदस्थापना कुछ भी हो, आवेदन के साथ अग्रेषित की जानी चाहिए। प्रारंभिक चयन प्रक्रिया के लिए विभागीय अनापत्ति की स्थिति अनिवार्य है।
Similarly, the Departmental Clearance of the applicants irrespective of their present place of posting must also be forwarded along with the application. The status of Departmental Clearance is compulsory for initial selection process.

**चयन के मानदंड/Selection Criteria:**

1. अनुवादक (प्रशिक्षु), राजभाषा लिपिक वर्ग-III के पद पर चयन के लिए शॉर्ट-लिस्ट किए गए योग्य अभ्यर्थियों की पृथक लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।
There will be separate Written Examination for selection to the post of Translator (Trainee) (OL) Clerk GrIII for the shortlisted eligible candidates.

2. अभ्यर्थियों का चयन, पद पर चयन हेतु आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी के प्रदर्शन पर आधारित होगा।
The selection of the candidates shall be based on the relative performance of the candidates in the Written Examination to be conducted for selection to the post.

3. लिखित परीक्षा का पूर्णांक : 100 अंक [वस्तुनिष्ठ प्रश्न खंड = 25 अंक] + [अनुच्छेद लेखन खंड (हिन्दी तथा अँग्रेजी) = 15 अंक] + [अनुवाद खंड = 60 अंक)]
Total marks of written test: 100 marks [Objective Questions Section = 25 Marks] + [Paragraph Writing Section (Hindi and English) = 15 Marks] + [Translation Section = 60 Marks]

4. वस्तुनिष्ठ प्रश्न खंड: 25 अंक
Objective Questions Section: 25 marks

(i) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के 4 विकल्प दिए जायेंगे
Each objective question will have 4 options

(ii) प्रश्न मूलतः सामान्य हिन्दी / अँग्रेजी / सामान्य अभियोग्यता /सामान्य ज्ञान /कंप्यूटर अभियोग्यता आदि विषयों से संबन्धित होंगे। इस अधिसूचना के अंत में विस्तृत पाठ्यक्रम का उल्लेख किया गया है।
The questions will be basically related to subjects like General Hindi / English / General Aptitude / General Knowledge / Computer Aptitude etc.
The detailed syllabus is mentioned at the end of this Notification.

(iii) प्रत्येक प्रश्न का (1) अंक होगा
Each question will carry (1) mark

(iv) गलत उत्तर के लिए नकारात्मक अंकन नहीं किया जाएगा।
There shall be no Negative marking for incorrect answer.

(v) वस्तुनिष्ठ प्रश्न खंड का पूर्णांक = 25 अंक
Total marks of Objective Questions Section = 25 marks

5. अनुच्छेद लेखन खंड (हिन्दी तथा अँग्रेजी) – 15 अंक
Paragraph Writing Section (Hindi and English) – 15 Marks

6. अनुवाद खंड : 60 अंक
Translation Section: 60 marks

(i) हिन्दी से अँग्रेजी तथा विलोमतः अनुवाद क्षमता परखने के लिए 60 अंको के दीर्घ उत्तरीय लिखित प्रश्न पूछे जाएंगे।
Long answer type written questions of 60 marks will be asked to test the translation ability from Hindi to English and vice-versa

(ii) वस्तुनिष्ठ प्रश्न खंड तथा अनुच्छेद लेखन (हिन्दी तथा अँग्रेजी) खंड में अलग से कोई न्यूनतम अंक नहीं होगा। हालांकि, अनुवाद खंड उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। यदि कोई अभ्यर्थी अनुवाद खंड में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त नहीं करता है, तो उस स्थिति में, अभ्यर्थी को मेरिट सूची में शामिल नहीं किया जाएगा, भले ही अभ्यर्थी ने तीनों खंडों के कुल योग से न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त कर ली हो अर्थात अभ्यर्थी को अनुवाद खंड में न्यूनतम अंक प्राप्त करने के साथ-साथ वस्तुनिष्ठ प्रश्न खंड (25 अंक), अनुच्छेद लेखन खंड (15 अंक) और अनुवाद खंड (60 अंक) सहित कुल 100 अंकों में से न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त करने होंगे, तभी उन्हें मेधा-सूची में शामिल किया जाएगा।
There will be no minimum qualifying marks in the Objective Type Section & Paragraph Writing section separately. However, it will be compulsory to pass the Translation Section. If a candidate does not obtain the minimum passing marks in the Translation section, in that case, the candidate will not be included in the merit list even if the candidate obtains the minimum Qualifying/Passing marks out of the total of all three sections i.e. a candidate must obtain the minimum Qualifying/Passing marks in the Translation Section (out of 60 Marks) AND the Overall Marks (out of 100 Marks) including Objective type section (25 marks), Paragraph writing section (15 Marks) and Translation section (60 marks) to be included in the merit list.

(iii) यदि कोई किसी अन्य खंड मे या समग्र लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होता है ओर अनुवाद खंड मे अनुत्तीण रहता है तो उसे अनुत्तीण घोषित किया जाएगा और उसे मेधा-सूची मे शॉर्टलिस्ट नहीं किया जाएगा।
If someone passes in any other section or in overall written test and fails in translation section, he/she will be declared as failed and will not be shortlisted in the merit list.

7. अनुवाद खंड में अर्हता/उत्तीर्ण अंक सामान्य/ओबीसी वर्ग (अनारक्षित कोटा) के लिए 60 अंकों में से 40% और एससी/एसटी वर्ग (आरक्षित कोटा) के लिए 60 अंकों में से 30% होंगे।
The qualifying/passing marks in the Translation Section will be 40% out of 60 marks for General/OBC Category (unreserved quota) and 30% out of 60 Marks for SC/ST category (reserved quota).

8. तीनों वर्गों सहित कुल योग्यता/उत्तीर्ण अंक सामान्य/ओबीसी श्रेणी (अनारक्षित कोटा) के लिए 100 अंकों में से 40% और एससी/एसटी वर्ग (आरक्षित कोटा) के लिए 100 अंकों में से 30% होंगे।
The overall qualifying/passing marks including all three sections will be 40% out of 100 marks for General/OBC Category (unreserved quota) and 30% out of 100 Marks for SC/ST category (reserved quota).

9. केवल वे अभ्यर्थी जो चयन मानदंड में निर्धारित खंड 6 (ii), 6 (iii), 7 और 8 की शर्तों को पूरा करते हैं, उन्हें मेरिट सूची में शामिल किया जाएगा।
Only those Candidates who fulfil the conditions in Clause 6 (ii), 6 (iii), 7 and 8 will be included in the Merit List.

10. लिखित परीक्षा 120 मिनट की होगी
The duration of written test will be 120 minutes.

11. यदि किसी प्रश्न/विकल्प में त्रुटि दृष्टिगत होती है, तो, वैसे मामलों में, संबंधित प्रश्नों को अंतिम मूल्यांकन में स्थान नहीं दिया जाएगा तथापि कुल अंक तदनुसार कम कर दिए जाएंगे।
In case of any wrong questions/wrong options, the respective question(s) will not be considered for final evaluation i.e. total marks will be reduced accordingly.

12. यदि वस्तुनिष्ठ प्रश्न खंड के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण के बीच कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
If any discrepancy is found between the English and Hindi version of the Objective Type section, the English version shall prevail.

13. अभ्यर्थी द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी, जो कि सतर्कता/विभागीय अनापत्ति आदि के अधीन होगी।
Merit List will be prepared on the basis of Total Marks obtained by the candidate in Written Test; subject to Vigilance/Departmental Clearance etc.

14. यदि लिखित परीक्षा में एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होता है, तो, उनकी मेधा का निर्धारण लिखित/अभियोग्यता परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर तत्पश्चात नियुक्ति की तिथि तथा उसके बाद जन्मतिथि (अर्थात् आयु में ज्येष्ठ, मेधा सूची में वरिष्ठ) के आधार पर किया जाएगा।
If same marks are obtained by more than one candidate in the written test, their merit shall be decided based on their marks obtained in the Written/Aptitude Examination and then followed by the date of appointment and subsequently the date of birth (i.e. senior in age will be the senior in merit list).

**आरक्षण तथा छूट/Reservations & Relaxations:**

1. अ.जा./अ.ज.जा. अभ्यर्थियों को आरक्षण भारत सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार दिया जाएगा।
Reservation for SC/ST candidates will be in accordance with the instructions issued in this regard from time to time by the Government of India.

2. अ.जा./अ.ज.जा श्रेणी के लिए कुल अर्हकांक / उत्तीर्ण अंक चयन मानदंड के खंड 6 (ii), 6 (iii), 7 और 8 के अधीन समग्र अंकों का 30% (यानी 30/100) होंगे अर्थात आरक्षित कोटा (एससी/एसटी) के अभ्यर्थी को अनुवाद खंड में कम से कम 30% अंक (यानी 18/60 अंक) और कुल मिलाकर 30% (30/100 अंक) प्राप्त करने होंगे।
The overall Qualifying/Pass Marks for SC/ST Category will be 30% of the total marks (i.e. 30/100) subject to clause 6 (ii), 6 (iii), 7 and 8 of the Selection Criteria i.e. a candidate from the reserved quota (SC/ST) must obtain at least 30% Marks in the Translation Section (i.e. 18/60 Marks) AND 30% overall (30/100 Marks).

**सामान्य जानकारी एवं अनुदेश/General Information and Instruction**

1. चयनित अभ्यर्थी संबंधित पद/श्रेणी में नियमित किये जाने से पूर्व 6 महीने की अवधि के लिए परिवीक्षा में रहेंगे।
The selected candidates will be on probation for a period of 6 months before being regularized in the respective post/grade.

2. लिखित परीक्षा की तिथि तथा अन्य विवरण की सूचना अनंतर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए कर्मचारी स्थापना विभाग, सीसीएल, मुख्यालय द्वारा आवंटित केंद्र/स्थान पर उपस्थित होना होगा।
The date of the Written Examination and other details will be subsequently informed. Candidates will have to appear at the Centre/Venue allotted to them by NEE Department, CCL, HQ for the Written Examination.

3. चयनित अभ्यर्थियों को सीसीएल के किसी भी क्षेत्र/इकाई में पदस्थापित किया जाएगा तथा उन्हें उनकी सेवा अवधि के दौरान कभी भी सीसीएल के क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा सकता है।
Selected candidates will be posted in any Area/Unit of CCL and they are also liable to be transferred to the Areas of CCL at any time in their service period.

4. चयन से संबंधित उत्तरवर्ती समस्त सूचनाएं/जानकारियां सीसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराईं जाएंगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह अद्यतन जानकारी हेतु नियमित रूप से सीसीएल की वेबसाइट (www.centralcoalfileds.in) देखें/चेक करें।
All future communication/ information regarding this selection will be made available on CCL website. Candidates are advised to check/ visit CCL website (www.centralcoalfileds.in) regularly for further updates.

5. अभ्यर्थी ध्यान रखेंगे कि चयन के किसी भी चरण में, किसी अभ्यर्थी की संलिप्तता किसी कदाचार पायी जाती है, तो, उसकी अभ्यर्थिता खारिज कर दी जाएगी तथा प्रमाणित स्थायी आदेशों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी तथा यदि उचित प्रतीत हो तो यथोचित अन्य विधिक कार्रवाई भी की जा सकती है।
Candidates shall note that at any stage of selection, if a candidate is found indulging in any misconduct, his/her candidature will be summarily rejected and disciplinary action as per the Certified Standing Orders will be initiated apart from any other legal course of action as deemed fit.

6. किसी भी चरण पर अनुयाचना/पक्ष-प्रचार करने पर आपको अपात्र घोषित कर दिया जाएगा।
Canvassing at any stage will lead to disqualification of the candidature.

7. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि किसी भी कारणवश उत्पन्न विलंब से बचने के लिए इस आंतरिक अधिसूचना में उल्लिखित आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन समर्पित करें।
Candidates are advised to apply much before the closing date of submission of application mentioned in this internal notification to avoid delay for any reason, whatsoever.

8. निदेशक(कार्मिक),सीसीएल/प्रबंधन बिना कोई कारण स्पष्ट किए अपने विवेक के अनुसार चयन प्रक्रिया में संशोधन/ परिवर्तन/ सीमित/रद्द करने का सर्वाधिकार अपने पास सुरक्षित रखते हैं। निदेशक(कार्मिक),सीसीएल विशेष परिस्थितियों में रिक्ति की स्थिति को संशोधित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते हैं। निदेशक(कार्मिक),सीसीएल का निर्णय अंतिम निर्णय होगा तथा इस संबंध में कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।
D(P), CCL/Management reserves the right to modify/alter/restrict/cancel the selection process, at his discretion without assigning any reasons whatsoever. D(P), CCL reserves the right to modify the vacancy position under special circumstances. The decision of the D(P), CCL will be final, and no appeal will be entertained in this regard.

9. सीआईएल द्वारा निर्गत CIL/C-5B/JBCCI-X/SC/Seniority /33, दिनांक : 11/02/2021 जो सीसीएल की वेबसाइट पर "जानकारी डेस्क" टैब के अंतर्गत उपलब्ध है के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चयन आदेश निर्गम के 30 दिनों के भीतर पदस्थापित स्थान पर रिपोर्टिंग करने के उपरांत ही चयनित पद पर योगदान प्रभावी होगा।
The joining on the selected post will be effective only on reporting at the place of posting on selection within 30 days of issuance of the selection order as per the guidelines issued by CIL vide Ref.No.CIL /C-5B/JBCCI-X/SC/Determination of Seniority/33 dated11/02/2021 available on CCL website under "info desk" tab.

10. कैडर योजना के अनुसार पात्र और अपात्र पाए जाने वाले आवेदकों के नामों की एक सूची आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के 3 दिनों के भीतर सीसीएल वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इस संबंध में कोई भी आपत्ति, सूची प्रकाशित होने के तीन (03) दिनों के भीतर एनईई विभाग के ध्यान में लाई जानी चाहिए।
A list of names of the applicants who are found to be eligible and ineligible as per Cadre Scheme will be published on CCL website preferably within 3 days of the last date of submission of application. Any objection in this regard must be brought to the notice of NEE department within three (03) days of publishing such list.

11. अपूर्ण आवेदन या निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अथवा अभ्यर्थी के हस्ताक्षर/ प्रासंगिक दस्तावेजों/ उचित माध्यम के बिना प्राप्त आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे। आवेदनों में कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत बायोडेटा विवरण की पुष्टि व सत्यापन सेवा-अभिलेख की जानी चाहिए तथा इकाई के कार्मिक अधिकारी द्वारा प्रमाणित की जानी चाहिए। इसी प्रकार, कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत प्रमाण-पत्रों/अंक-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपि को उसकी मूल प्रति से सत्यापित तथा इकाई के कार्मिक अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित की जानी चाहिए। गांधीनगर अस्पताल, रांची, केंद्रीय अस्पताल, रामगढ़ तथा सुरक्षा विभाग के संबंधित कार्मिक अधिकारी अपने स्तर पर आवेदनों की उचित जांच की व्यवस्था करेंगे तथा प्रमाणित करेंगे कि आवेदक कैडर स्कीम में निर्धारित न्यूनतम अहर्ता तथा चयन के लिए पात्रता के संदर्भ में आवेदन किए गए पद के लिए विचार के लिए पात्रता रखता है। इसी प्रकार, कर्मचारी द्वारा समर्पित प्रमाण-पत्रों/अंक-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रति का सत्यापन उसकी मूल-प्रति से किया जाना चाहिए और संबंधित कार्मिक अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित किया जाना चाहिए।
Incomplete application or applications received after due date or without signature of candidate / without relevant documents/ not through proper channel will be rejected. The bio data particulars furnished by the employee in the applications must be verified & confirmed from the Service Records and certified by the Unit Personnel Executive. Similarly, the self-attested copy of the certificates/marks sheets submitted by the employee must be verified from its original and attested by the Personnel Executive of the unit. The concerned Personnel Executive at Gandhi Nagar Hospital, Ranchi, Central Hospital, Ramgarh and Security Department will arrange proper scrutiny of applications at their level and will certify that the applicant is eligible for consideration for the post applied in terms of minimum qualification and eligibility for selection as laid down in the cadre scheme. Similarly, the self-attested copy of the certificates/marks sheets submitted by the employee must be verified from its original and attested by the concerned Personnel Executive.

12. सुरक्षा विभाग, गांधीनगर अस्पताल तथा केंद्रीय अस्पताल, रामगढ़ में पदस्थापित कर्मचारियों को छोड़कर सीसीएल, मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में पदस्थापित कर्मचारियों द्वारा समर्पित आवेदन की पुष्टि एवं सत्यापन महाप्रबंधक(का/कर्मचारी-स्थापना), सीसीएल, मुख्यालय के कार्यालय में उपलब्ध सेवा-अभिलेख से की जानी चाहिए तथा कर्मचारी स्थापना विभाग के कार्मिक अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। संबंधित कार्मिक अधिकारी आवेदनों की उचित जांच की व्यवस्था करेंगे तथा यह प्रमाणित करेंगे कि आवेदक कैडर स्कीम में निर्धारित न्यूनतम अहर्ता एवं चयन पात्रता के संदर्भ में आवेदित पद पर विचार के लिए पात्रता रखता है। इसी प्रकार, कर्मचारी द्वारा समर्पित प्रमाण-पत्रों/अंक-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रति का सत्यापन उसकी मूल-प्रति से किया जाना चाहिए तथा कर्मचारी स्थापना विभाग के संबंधित कार्मिक अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित किया जाना चाहिए।
The applications of the employees posted at CCL, HQ, Darbhanga House, Ranchi other than employees who belong to Security Cadre, employees of GNH and Central Hospital, Ramgarh, must be verified and confirmed from the Service Records available in the office of GM (P-NEE), CCL, HQ and certified by the Personnel Executive of NEE Department. Similarly, the self-attested copy of the certificates/ mark sheets submitted by the employees must be verified from its original and attested by the Personnel Executive of NEE Department. The concerned Personnel Executive will also arrange proper scrutiny of applications and will certify that the applicant is eligible for consideration for the post applied in terms of the minimum qualification and eligibility for selection as laid down in the Cadre Scheme.

13. मुख्यालय के विभाग/गांधीनगर अस्पताल/केंद्रीय अस्पताल, रामगढ़ से अभ्यर्थी का चयन होने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी को स्थानापन्न विकल्प बिना कार्य मुक्त -करने की सहमति क्रमशः मुख्यालय के महाप्रबंध / विभागाध्यक्ष /प्रभारी सीएमएस ( गाँधीनगर अस्पताल ) / प्रभारी सीएमएस (केन्द्रीय अस्पताल ), रामगढ़ द्वारा दी जाएगी ।
Consent for releasing the candidates without substitute from department in HQ/GNH/CH Ramgarh in the event of his/her selection shall be given by the CMS I/C (GNH)/CMS) I/C (CH Ramgarh)/GM/HODs at HQ respectively.

Pratul Kumar 17/2/25

(प्रतुल कुमार)
**महाप्रबंधक(कार्मिक/कर्म.स्था.)**
**General Manager(P/NEE)**
**सी.सी.एल., राँची**
**CCL, Ranchi**

**प्रतिलिपि/Copy to:**

**General Manager (System), CCL, Ranchi- with a request to up-load this Internal Notification with Annexure –A in CCL website under "What's New tab" immediately for perusal of the employees/applicants.**
**महाप्रबंधक (प्रणाली), सीसीएल, रांची- कर्मचारियों/आवेदकों के अवलोकन के लिए इस आंतरिक अधिसूचना को सीसीएल वेबसाइट में "नया क्या है" टैब के अंतर्गत अनुलग्नक-ए के साथ तुरंत अपलोड करने के अनुरोध के साथ।**

**वितरण/Distribution:**

1. महाप्रबंधक,मगध-संघमित्रा/आम्रपाली-चन्द्रगुप्त/पिपरवार/उत्तरी कर्णपुरा/बरका-सयाल/ केंद्रीय कर्मशाला,बरकाकाना/ अरगड़ा/ कुजू/ हजारीबाग/ रजरप्पा/ ढोरी/ बो.एवं कर./ कथारा/रजहारा ।
2. समस्त महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, सीसीएल,मुख्यालय,रांची।
3. म.प्र./निदेशक(का.) के तकनीकी सचिव।
4. महाप्रबंधक, सिविल, सीसीएल रांची।
5. महाप्रबंधक, खान बचाव स्टेशन, रामगढ़।

(1–5:) अपने नियंत्रण के अधीन कार्यरत कर्मचारियों के मध्य इस आंतरिक अधिसूचना का व्यापक प्रचार के अनुरोध के साथ।

6. स्टाफ अधिकारी(का. एवं प्रशासन), सीसीएल, मगध-संघमित्रा/आम्रपाली-चन्द्रगुप्त/ पिपरवार/ उत्तरी कर्णपुरा/ बरका-सयाल/ केंद्रीय कर्मशाला, बरकाकाना/ अरगड़ा/कुजू/हजारीबाग/रजरप्पा/ढोरी/बो.एवं क./कथारा/ रजहारा ।
7. प्रभारी सीएमएस(गांधीनगर अस्पताल), सीसीएल, रांची।
8. प्रभारी सीएमएस(केंद्रीय अस्पताल), सीसीएल, रामगढ़।
9. प्रबंधक (पी-जीएनएच), सीसीएल, गांधीनगर अस्पताल, रांची।
10. सहायक-प्रबंधक (का.- केन्द्रीय अस्पताल), केन्द्रीय अस्पताल रामगढ़।
11. समस्त सूचना-पट्ट

**अनुवादक (प्रशिक्षु), राजभाषा लिपिक वर्ग-III के पद पर आंतरिक अधिसूचना के सापेक्ष आवेदन का प्रारूप।**

**FORMAT FOR APPLICATION TO THE POST OF TRANSLATOR (TRAINEE)(OL) CLERK GR.III AGAINST THE INTERNAL NOTIFICATION.**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम (देवनागरी लिपि में)<br>Name (in Devnagari script) | |
| 2. | नाम(अँग्रेजी के बड़े अक्षरों में)<br>Name (in English Block Letters): | |
| 3. | ग्रेड/श्रेणी के साथ वर्तमान पदनाम<br>Present Designation with Grade / Category: | |
| 4. | वर्तमान पदस्थापन<br>Present place of posting: | |
| 5. | पीआईएस सं.<br>PIS No.: | |
| 6. | जन्म तिथि<br>Date of birth: | |
| 7. | नियुक्ति की आरंभिक तिथि/ Date of initial appointment: | |
| | (विधिवत स्व-अभिप्रमाणित नियुक्ति पत्र की छायाप्रति संलग्न करें/ Attach photocopy of the appointment letter duly self-attested) | |
| 8. | प्रारंभिक नियुक्ति पर नियमतिकरण की तिथि<br>Date of confirmation on initial appointment | |
| | (वर्तमान में कैट-1 के पद पर कार्यरत कामगारों के लिए लागू /Applicable for those who are presently designated as category-I) | |
| 9. | अ.जा./अ.ज.जा./सामान्य<br>Whether SC/ST/General | |
| | (यदि अ.जा./अ.ज.जा., तो विधिवत स्व-अभिप्रमाणित वैध जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति संलग्न करें/Photocopy of valid caste certificate duly self-attested must be enclosed in case if SC/ST) | |
| 10. | मोबाइल नंबर<br>Mobile No. | |

**11. शैक्षणिक/व्यावसायिक अहर्ता/ Educational/Professional qualification**

(विधिवत स्व-अभिप्रमाणित प्रमाण-पत्र की छायाप्रति संलग्न करें/Photocopy of certificate duly self-attested must be enclosed)

| क्रम सं./ Sl.No | उत्तीर्ण परीक्षा/ Exam. Passed | संस्थान का नाम / Name of the Institute | बोर्ड/विश्वविद्यालय Board/University | उत्तीर्ण होने का वर्ष/ Year of Passing | अंक % %age of Marks | श्रेणी/ग्रेड Div./Grade |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**घोषणा/वचन-पत्र/ Declaration/Undertaking**

प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य/गलत पायी जाती है या मेरे द्वारा समर्पित कोई प्रमाण-पत्र वास्तविक/प्रामाणिक नहीं पाया जाता है या शैक्षणिक प्रमाण-पत्र में अंकित जन्म-तिथि सेवा-अभिलेख से मेल नहीं खाती है अथवा कोर्स/संस्थान मान्यता प्राप्त/अनुमोदित नहीं है तो आवेदित पद के लिए मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और सीसीएल प्रबंधन के नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। मेरे चयन उपरांत, मैं कंपनी की आवश्यकता के अनुसार कंपनी के किसी भी परियोजना में पदस्थापन के लिए तैयार हूं और पदस्थापन के स्थान में परिवर्तन के लिए आवेदन नहीं करूंगा।

Certified that the information given above is true and correct to the best of my knowledge and belief. If any of the information as furnished above is found to be incorrect/false or any certificate submitted by me is not genuine/ authentic or the date of birth in educational certificate does not Match with service record or the course/institute is not recognized/approved, my candidature for the post applied is liable to be cancelled & disciplinary action taken by the Management of CCL as per rule. On my selection, I am willing to be posted in any Project of the Company as per requirement of the Company and will not apply for change of place of posting.

**अनुशंसा करने वाले अधिकारी का हस्ताक्षर तथा तिथि**
**(Signature of Recommending Officer with Date)**

**आवेदक का हस्ताक्षर**
**(Signature of Applicant)**

## **प्रमाण-पत्र/ Certificate**

यह प्रमाणित किया जाता है कि अभ्यर्थी के चयन होने की स्थिति में विभाग से स्थानपन्न विकल्प बिना चयनित अभ्यर्थी को कार्य-मुक्त किए जाने पर सहमति दी जाती है।

This is to certify that consent has been given to release the candidate without a substitute from department in the event of his/her selection.

**महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष,**
**_______________विभाग**
**GM/HOD of Department**

## प्रमाण-पत्र/Certificate

**यदि कर्मचारी गांधीनगर अस्पताल, रांची/ सेंट्रल अस्पताल/रामगढ़ एवं सुरक्षा विभाग, दरभंगा हाउस, रांची या क्षेत्र/इकाई में पदस्थापित हैं तो निम्नलिखित विवरण भरा जाए।**

**The following details to be filled in case of employees posted at Gandhi Nagar Hospital, Ranchi/ Central Hospital Ramgarh/Security Department, Darbhanga House, Ranchi and Areas/Units**

| क्र. सं Sl. No. | नाम Name | पदनाम (Designation) | पीआईएस. (PIS NO) | कहाँ पदस्थापित हैं (place of Posting) | जन्मतिथि (D.O.B) | नियुक्ति की तिथि (Date of Appointment) | नियमतीकरण की तिथि (प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न की जाए) Date of Regularisation (Copy must be enclosed) | वर्तमान पद पर योगदान की तिथि Date of coming to present grade | सेवा अभिलेख के अनुसार शैक्षणिक योग्यता (सत्यापित प्रमाणपत्र संलग्न की जाए) Educational Qualification as per Service Record (Attested Copy must be enclosed) | जाति (सत्यापित प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से संलग्न की जाए) Caste (Attested copy of Caste Certificate must be enclosed) | विगत तीन वर्षो की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट संलग्न की जाए (2021-22,2022-23, 2023-24) ACR of last three years to be enclosed (2021-22,2022-23,2023-24) | विभागीय अनापत्ति विवरण संलग्न की जाए Departmental Clearance to be enclosed | टिप्पणी (remarks) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| | | | | | | | | | | | | | |

यह प्रमाणित किया जाता है कि मैंने कर्मचारी के आवेदन में दिए गए बायोडाटा विवरण का सत्यापन कर्मचारी के सेवा अभिलेख/ फॉर्म-बी रजिस्टर से किया है तथा उक्त को सही पाया है। आवेदन के साथ समर्पित प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति का सत्यापन मूल दस्तावेज से किया गया तथा अभिप्रमाणित किया जाता है कि उक्त दस्तावेज मूल की सच्ची प्रति है। कर्मचारी के विरुद्ध कोई विभागीय मामला लंबित नहीं है या विचाराधीन नहीं है।

This is to certify that I have verified the Bio-data particulars furnished by the employee in his application from the Service Records/ Form-B register of the employee and found correct. Photocopy of the certificates submitted along with the application have verified and confirmed from its originals and attested to be true copy of the same. No departmental case is pending or contemplated against the employee.

**कार्मिक अधिकारी, इकाई/क्षेत्र/केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर /रामगढ़**
**Personnel Executive of Unit/ Area/ Central Hospital, Gandhi Nagar/ Ramgarh**
**((हस्ताक्षर एवं मोहर)/ (signature and seal)**

# **प्रमाण-पत्र/Certificate**

यह प्रमाणित करना है कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन की जांच आंतरिक अधिसूचना और कैडर-स्कीम प्रावधानों में निर्धारित पात्रता-शर्तों के संदर्भ में की गई है। अभ्यर्थी आवेदित पद के लिए वांछित पात्रता का धारण करता है। यह सहमति भी व्यक्त की जाती है कि अभ्यर्थी के चयन होने की स्थिति में इकाई/क्षेत्र/विभाग से स्थानपन्न के विकल्प के बिना चयनित अभ्यर्थी को कार्यमुक्त किया जाएगा।

This is to certify that the application submitted by the candidate has been scrutinized in terms of the eligibility conditions laid down in the Internal Notification & Cadre Scheme provisions. The candidate is found eligible for consideration for the post applied for. It is also agreed to release the candidate without substitute from Unit/Area/Department in the event of his/her selection.

**कार्मिक अधिकारी, इकाई/क्षेत्र/**
**केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर**
**/रामगढ़/**
**सुरक्षा विभाग**
**Personnel Executive of**
**Unit/Area/Central Hospital,**
**Gandhi Nagar/Ramgarh/**
**Security Department**

## पाठ्यक्रम : अनुवादक(प्रशिक्षु/राजभाषा) लिपिक ग्रेड – III
## [Syllabus : Translator (Trainee/Rajbhasha) Clerk Gr. III]

कठिनता का स्तर - कक्षा दसवी तक
[Difficulty level – Upto Class 10th]

1. **सामान्य हिंदी**

   ध्वनि, वर्ण, शब्द, वाक्य, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय, संधि, समास, क्रिया विशेषण, समानार्थी शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, वर्तनी परीक्षण, प्रत्यय/उपसर्ग, लोकोक्ति, मुहावरे, वाक्यांश के लिए शब्द, शब्द-भेद, त्रुटि चिन्हित करना, अनुवाद आदि।

2. **General English**

   Understanding of the English Language, English vocabulary, Grammar, Sentence Structure, Synonyms, Antonyms and its correct usage, Comprehension reading, Spellings, Phrases and Idioms etc.

3. **कम्प्यूटर का ज्ञान / Knowledge of Computer**

   इनपुट/आउटपुट, हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर, एमएस-ऑफिस, कंम्प्यूटर नेटवर्किंग, इंटरनेट एवं वेब ब्राउज़र, शार्टकट की आदि का मूलभूत ज्ञान

   Input/Output, Hardware and Software. MS-Office, Computer Networking, Internet and Web Browser, Basic knowledge of Shortcut keys

4. **सामान्य अभियोग्यता / General Aptitude**

   तर्कशक्ति परीक्षण तथा संख्यात्मक अभियोग्यता

   Logical Reasoning and Quantitative Aptitude

5. **अनुवाद / Translation**

   हिंदी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिंदी

   Hindi to English and English to Hindi

6. **सामान्य ज्ञान [General Knowledge]**

7. पत्राचार, टिप्पण व हिंदी का कार्यालयीन अनुप्रयोग आदि।

   Letter writing, Note writing, application of Hindi in Official communications, etc.